# शिक्षित समाज ही ला सकता है सुशासन : अर्जुन मुंडा

आईआईएम में कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा। • हिन्दुस्तान

**आईआईएम**

रांची | संवाददाता

आईआईएम रांची में अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस की ओर से शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हमसभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके जीवन से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपकी शिक्षा स्टेशन की भीड़ की तरह नहीं बल्कि नेतृत्व करने वाली होनी चाहिए। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र के लीडर बनें। उन्होंने समाज को शिक्षित करने में भी युवाओं को अपनी भूमिका निभाने को कहा। कहा कि एक शिक्षित समाज ही सुशासन ला सकता है।

अर्जुन मुंडा ने आईआईएम के छात्रों से कहा कि आपको इतने बड़े संस्थान में पढ़ने का मौका मिला है। यहां शिक्षा पाकर देश के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी आवश्यकता है, लेकिन देश सेवा का भाव भी होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास आप सबको कई बार सुनने को मिला होगा। यह सिर्फ एक नारा के रुप में नहीं, हमारे भाव के रुप में उभरना चाहिए। यह हमें गुड गवर्नेंस की ओर ले जाती है। उन्होंने आईआईएम रांची के विकास के लिए मदद करने की बात कही।

**शैक्षणिक भवन का उद्घाटनः** कार्यक्रम के दौरान अर्जुन मुंडा, संजय सेठ और दीपक प्रकाश ने आईआईएम के नए शैक्षणिक भवन का उद्घाटन किया। पुंदाग में आईआईएम का नया भवन बना है। इस भवन में कोरोना काल के बाद स्थिति सामान्य होने के बाद ऑफलाइन कक्षाएं होंगी।

## सुशासन हमारी परंपरा की देन है

राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि सुशासन हमारे प्राचीन परंपरा की देन है। यह हमारे सिविलाइजेशन का एक हिस्सा है। भगवान बुद्ध के विचार भी सुशासन का था। सम्राट अशोक की बात करते हैं तो सुशासन की सुगंध आती है। अटल बिहारी वाजपेयी ने भी बताया कि कैसे शासन को सुशासन में बदला जाता है। इससे पहले प्रो शैलेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज के यात्रा के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रो आदित्य शंकर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचना ही गुड गवर्नेंस

लोकसभा सांसद संजय सेठ ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का झारखंड से विशेष प्रेम रहा। उन्हीं के प्रयासों के कारण झारखंड राज्य हमें मिला। उनका व्यक्तित्व ही ऐसा रहा कि विपक्षी तक उन्हें पसंद करते थे। उन्होंने कहा कि जबतक समाज में सबसे नीचे पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास नहीं पहुंचे तब गवर्नेंस कुछ नहीं है।

Hindustan, 26.12.2021, Pg. 07